हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026

06 श्रद्धा से निकाली बाबा रामदेव की शोभायात्रा



07 एक ही घर के 4 भाइयों की कुएं में डूबने से मौत, क्षेत्र में मातम पसरा



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

बीनागंज में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

चांचौड़ा। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर (म.प्र.) एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत श्री स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय, बीनागंज द्वारा 16 सितंबर को विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर में नेत्र रोगों की सभी प्रकार की जांच, मोतियाबिंद के मरीजों की जांच एवं ऑपरेशन के लिए भर्ती की जाएगी। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, चश्मा, ऑपरेशन, भोजन एवं आने-जाने की वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, सद्गुरु नगर आनंदपुर, तहसील लटेरी , जिला विदिशा में निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी। अस्पताल में फेको सर्जरी एवं फोल्डेबल लेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। शिविर में आने वाले मरीज अपना मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर आएं। ऑपरेशन के बाद मरीजों की पुनः जांच एवं दवा की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

सड़क किनारे दिन गुजार रही अस्वस्थ वृद्ध महिला को मिला आश्रय



गुना। जिले के ग्राम ऊमरी में बीते 2-3 माह से निराश्रित स्थिति में भटक रही एक मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को समाजसेवी प्रमोद भार्गव के प्रयासों से सुरक्षित आश्रय मिला है। महिला को उपचार एवं देखभाल हेतु शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त बुजुर्ग महिला खुले आसमान के नीचे सडक़ किनारे बेहद कठिन परिस्थितियों में दिन काटने को मजबूर थी। पूरी बारिश उसने खुले में ही गुजारी। महिला की दयनीय स्थिति की सूचना मिलते ही समाजसेवी प्रमोद भार्गव ग्राम उमरी पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम उमरी पुलिस चौकी में मामले की सूचना दी, जिसके बाद महिला को सुरक्षित अपने साथ ले जाकर शिवपुरी के आश्रम में दाखिल कराया।

ओमकार कॉलेज के विद्यार्थियों का बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन

गुना। क्रांतिवीर तात्या टोपे महाविद्यालय, गुना द्वारा हाल ही में घोषित बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में गुना स्थित ओमकार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अच्छे अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया और संस्था की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार ओमकार महाविद्यालय की छात्रा गरिमा जैन ने 84.62 प्रतिशत, चंचल जैन ने 83.31 प्रतिशत तथा प्रवीण श्रीवास्तव ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार अमरलता शैक्षणिक समिति द्वारा संचालित मालवा कॉलेज, बीनागंज के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भी शानदार परिणाम हासिल किया। कॉलेज की छात्रा रिषिका शर्मा ने 83.37 प्रतिशत, मोहित गुर्जर ने 83 प्रतिशत तथा खुशी मांडरे ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रदीप कुमार सेन, संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी एवं श्री आनंद मंगल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। महाविद्यालय प्रबंधन ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण के साथ शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

पठार मोहल्ले में खूनी झड़प, चलीं लाठियां और हवा में दागी गोलियां

दोनों पक्षों के कई लोग घायल, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कोतवाली थानांतर्गत पठार मोहल्ला क्षेत्र में रविवार देर रात सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करने और शोर-शराबा मचाने को लेकर दो पक्षों के बीच अचानक हिंसक विवाद खड़ा हो गया। मामला इस कदर बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव के साथ-साथ दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करने के भी गंभीर आरोप लगे हैं। घटना में एक पक्ष के कई लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रथम पक्ष के पीड़ित राजा कुशवाह निवासी पठार मोहल्ला ने शिकायत में बताया कि वह रविवार रात लगभग 11 बजे अपने ममेरे भाई अंकित





कुशवाह तथा मित्र हितेश कुशवाह के साथ चांदशाह बली के समीप अपने चाचा राजू की बाड़ी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान क्षेत्र का देवू चौहान अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां आ धमका और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी देवू ने हाथ में लिए लकड़ी के डंडे से राजा के सिर व माथे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। जब अंकित और हितेश बीच-बचाव करने आगे आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी बर्बरतापूर्वक मारपीट की। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद मुकेश और मोहन ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बचाया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए अपनी छत पर चढ़ गए और वहां से दहशत फैलाने की नीयत से हवा में गोलीबारी की। दूसरी ओर, आरोपी पक्ष की ओर से पुलिस को शिकायत की है। दूसरे पक्ष के लोगों का दावा है कि वे अपने घर के भीतर मौजूद थे, तभी राजा और उसके साथी गली में बैठकर शराब पी रहे थे और गाली-गलौज करते हुए उपद्रव मचा रहे थे। जब उन्हें घर के सामने हंगामा करने से मना किया गया तो वे उग्र हो गए और अपने अन्य साथियों को बुलाकर मकान पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव और गाली-गलौज से घबराकर परिजनों ने किसी तरह छत पर भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे पक्ष का कहना है कि आत्मरक्षा और हमलावरों को खदेड़ने के लिए उन्होंने छत से हवाई फायर किया, जिसके बाद पत्थरबाजी कर रहे युवक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल निर्मित हो गया था। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। पुलिस मामले के हर पहलू, पथराव और गोलीबारी के दावों की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

दो दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला, पुलिस मामले की जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत करेला गांव स्थित एक कुएं में लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम धक्कापुरा निवासी लखन अहिरवार (18) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखन अहिरवार बीते 11 सितंबर 26 की सुबह मधुसूदनगढ़ से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। परिजनों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी और सोशल मीडिया सहित आसपास के क्षेत्रों में सूचना भी प्रसारित की गई थी। इसी बीच करेला गांव के एक कुएं में युवक का शव तैरता हुआ देखा गया, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलते ही मक्सूदनगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत कुएं में गिरने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

गोकुल सिंह का चक में आबकारी विभाग की दबिश, 62 लीटर हाथ भट्टी शराब की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के साथ ही जहरीली शराब के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने गोकुल सिंह का चक क्षेत्र में दबिश देकर 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल एवं उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। मंडल प्रभारी इंद्रपाल सिंह बालके के नेतृत्व में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने टीम के साथ गोकुल सिंह का चक में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक पारदी परिवार के घर की कुटीर से 250 एमएल क्षमता वाले 265 पन्नी पाउच बरामद किए गए। इनकी जांच एवं माप के बाद कुल 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा होना पाया गया। जब्त मदिरा के नमूने जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजे गए हैं। मौके पर एक महिला भी मिली, जिसके संबंध में आबकारी विभाग द्वारा विवेचना की जा रही है। विभाग ने कुल 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 18,600 रुपये बताया गया है। कार्रवाई में आबकारी वृत्त राघौगढ़ प्रभारी मोहनीश शर्मा, वृत्त बमोरी प्रभारी वर्धमान जैन, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, कमल बरोदिया एवं महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल का भी सहयोग रहा। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिले में कोई भी मदिरा से संबंधित अप्रिय घटना न हो इसलिए एसडीएम, जनपद सीईओ एवं ग्राम स्तर पर सरपंच एवं कोटवार अवैध मदिरा की सूचना एवं रोकथाम हेतु सहयोग प्रदान करें।

17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



प्रदेश सरकार के जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की इस सेवा यात्रा से जन-जन को परिचित कराने और सेवा के संस्कार को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। यह केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, सुशासन और जनभागीदारी का व्यापक अभियान है। प्रधानमंत्री जी के सेवा-संकल्प से प्रेरणा लेकर विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को नई गति देने का प्रयास किया जा रहा है, प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। भाजपा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य 12 अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए 71 हजार से अधिक बूथों के लाभार्थियों तक पहुंचेगी। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रदेश के 71 हजार से अधिक बूथों के हर लाभार्थियों के घरों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया जाएगा। 07 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री जी के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। प्रधानमंत्री जी के लिए सेवा केवल संकल्प नहीं, जीवन का ध्येय है और यही भाव इस अभियान की आत्मा बनेगा। जनसेवा और समर्पण के इस ऐतिहासिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही अभियान चलाया जा रहा है।

प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,अभियान के जिला संयोजक पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव , जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी,मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन भी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने किया ।

रामलीला मंचनः गल्ला मंडी में 80वें वर्ष की रामलीला हेतु कलाकारों का होगा चयन

गुना। सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 80वें वर्ष में भव्य रामलीला का मंचन धूमधाम से किया जाएगा। रामलीला मंचन की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर रविवार को पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर (रामलीला मंच) पर दोपहर 3 बजे बैठक का आयोजन किया गया। समिति के कला निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़ ने बताया कि रामलीला मंचन हेतु कलाकारों के चयन और रिहर्सल की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बैठक के दौरान इच्छुक कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा, जिसके बाद रिहर्सल के माध्यम से पात्रों का अंतिम चयन कर मुख्य अभिनय के लिए उन्हें तैयार किया जाएगा। रामलीला की तैयारियों के मद्देनजर प्रत्येक रविवार को दोपहर 3 बजे से कलाकारों की नियमित बैठक आयोजित होगी। समिति संयोजक गोविंद सोनी ने समिति के सभी सदस्यों एवं कला प्रेमियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में रामलीला मंचन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाएंगे तथा वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

जिले में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 11 नवंबर 26 तक प्रभावशील रहेगा।

जारी आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक गुना द्वारा ध्वनि प्रदूषण की बढ़ती घटनाओं तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता को देखते आदेश जारी किया गया हैं। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। 1.संपूर्ण जिले में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे का उपयोग किसी भी समय



चलित रूप से नहीं होगा। इसके अतिरिक्त शहर के सडक़ों, चौराहों, सार्वजनिक मार्गों में डीजे को किसी एक स्थान पर स्थाई /अस्थाई रूप से स्थापित कर उपयोग किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। डीजे (का उपयोग केवल विधिवत अनुमत मैरिज गार्डन अथवा आवृत परिसर के भीतर ही निर्धारित डेसीबल क्षमता में निर्धारित समयावधि (रात्रि 10 बजे तक) में ही किया जा सकेगा। किसी भी गली, मोहल्ला, चौराहे, रास्ते आदि सार्वजनिक स्थलों पर स्थिर रूप से लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किसी भी समय नहीं किया जायेगा। यह प्रतिबंध विवाह समारोह, जुलूस, शोभायात्रा, त्यौहार सहित समस्त आयोजनों पर लागू रहेगा। आदेश का उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में संबंधित डीजे सिस्टम, ध्वनि विस्तारक यंत्र, जनरेटर एवं उपयोग में लाया गया वाहन तत्काल जब्त किया जाकर आवश्यक कानूनी एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार कार्यक्रम स्थल को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत सील किया जा सकेगा। मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के विपरीत संशोधित पाए जाने वाले डीजे वाहनों के विरुद्ध पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा पृथक से वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। किसी भी उल्लंघन की स्थिति में कार्यक्रम आयोजक, स्थल स्वामी एवं डीजे संचालक संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे।प्रतिबंध अवधि में डीजे हेतु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। वहीं मैरिज गार्डन संचालक एवं डीजे संचालक द्वारा डीजे की ध्वनि तीव्रता की स्वःपरीक्षण हेतु मान्यता प्राप्त/उपलब्ध ध्वनि मापन अनुप्रयोग अथवा अन्य ध्वनि मापन यंत्र के माध्यम से ध्वनि स्तर की जांच की जा सकेगी, जिससे निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग केवल शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप ही किया जा सकेगा। औद्योगिक क्षेत्र में दिन में 75 एवं रात्रि में 70 डेसीबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65 एवं 55 डेसीबल, आवासीय क्षेत्र में 55 एवं 45 डेसीबल तथा शांत क्षेत्र में 50 एवं 40 डेसीबल की सीमा निर्धारित है।

हिंदी दिवस पर आशुभाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जवाहर नवोदय विद्यालय, बजरंग गढ़ में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एच के मीणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और उसके महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य एच के मीणा ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में शुद्ध एवं सरल हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदी के प्रवक्ता नरेंद्र यादव ने हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता, इसके प्रचार प्रसार और डिजिटल युग में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डाला। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा, राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका तथा वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी की बढ़ती उपयोगिता पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के आत्मविश्वासपूर्ण वक्तव्यों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों को प्रभावित किया।कार्यक्रम के अंत में हिंदी पखवाड़ा के दौरान निबंध लेखन, कविता पाठ, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य साहित्यिक प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी दी गई।

समाचार संक्षेप

सिंधिया 16 सितंबर को कुम्भराज आएंगे स्व. राजेन्द्र कासट को देंगे श्रद्धांजलि

कुम्भराज। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 16 सितंबर को प्रातः करीब 10:30 बजे कुम्भराज पहुंचेंगे। यहां वे हाल ही में दिवंगत हुए वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. राजेन्द्र कासट के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। स्व. राजेन्द्र कासट भाजपा के वरिष्ठ एवं जनाधार वाले नेताओं में शुमार रहे। वे प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य रहने के साथ ही कुम्भराज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके थे। संगठन में उनकी सक्रियता और क्षेत्र में मजबूत जनसंपर्क के चलते पार्टी में उनका विशेष प्रभाव माना जाता था। राजेन्द्र कासट का परिवार लंबे समय से राष्ट्रवादी विचारधारा और भाजपा संगठन से जुड़ा रहा है। उनके पिता स्व. रामवल्लभ कासट भी क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। वे लगातार 16 वर्षों तक सरपंच रहे तथा संघ, जनसंघ और बाद में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता एवं संगठन के आधार स्तंभ माने जाते रहे। वर्ष 1994 में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव भी लड़ा था। वहीं, कासट परिवार की राजनीतिक एवं संगठनात्मक परंपरा को तीसरी पीढ़ी में रोहित कासट आगे बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में वे भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

डोल ग्यारस पर कुम्भराज में निकलेगा भव्य विमान चल समारोह



कुम्भराज। जलझुलनी एकादशी, डोल ग्यारस के अवसर पर निकाले जाने वाले विमानों के चल समारोह को दिव्य और भव्य से मनाने हेतु हिन्दू उत्सव समिति के आव्हान पर एक बैठक का आयोजन अग्रवाल रामजानकी मंदिर पर किया गया जिसमे सभी मंदिर के पुजारी, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद सहित सनातनी लोग उपस्थित रहे, तय किया गया कि चल समारोह अग्रवाल मंदिर से दोपहर दो बजे आरम्भ होगा जिसमे श्री हनुमान अखाडा, फूल बरसाने वाली तोप, ढ़ोल नगाड़े और बैंड बाजे शामिल रहेंगे, जो ब्राम्हण मोहल्ला, पाएगा होकर सदर बाजार से गुरु महाराज, गायत्री और रामेश्वर धाम मेला ग्राउंड मंदिर से जल बिहार हेतु भामाबद रोड से सुख नदी पहुंचेगा जहाँ भगवान जलबिहार करके श्री रामानंद गौशाला मे विश्राम करेंगे जहाँ भगवान की मुख्य पूजन अर्चना, भजन कीर्तन कर महा आरती उतारी जावेगी, गौमाता की भी पूजन आरती होगी और सवा कुंटल धनिया की पंजीरी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जावेगा, तत पश्चात विमान कृषि मंडी प्रांगण से माताबाड़ी मंदिर होकर बाजार के रामजानकी मंदिर पर सामूहिक आरती कर अपने अपने मंदिर पर प्रस्थान करेंगे, इस दौरान अखाडा की जबाब देही विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की होगी, रास्ते मे फूल बरसाने वाली तोप विमान और भक्तों पर फूल बरसाएगी, बैंड बाजे भजनों की मनोरम धुन बजाएगे वही ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर भक्त झूमेंगे और नाचेंगे, सनद रहे की नगर मे डोल ग्यारस पर भारी जनसमूह उमड़ता है जो पुरे समय अपनी श्रद्धां भक्ती और आश्ता, विश्वास से भगवान का गुणगान करते है, इस अवसर पर दस मंदिर से विमान निकाले जायेंगे, मान्यता है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद भगवान प्रथम नगर भ्रमण कर भक्तों का हाल जानते है और अपनी अपनी श्रद्धां और विश्वास के अनुसार उसे सुख समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद देते है।

वर्षों बाद बना विशेष संयोग, एक ही दिन गणेश चतुर्थी और हरतालिका तीज की पूजा

दोपहर में गणपति स्थापना और रात में महिलाओं ने की शिव-पार्वती की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर में इस बार गणेश चतुर्थी और हरतालिका तीज का पर्व विशेष संयोग के साथ मनाया जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार तृतीया और चतुर्थी तिथि के एक साथ आने से यह विशेष संयोग बना है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। कई वर्षों बाद बने इस संयोग को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष संयोग के चलते दोपहर में भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई, वहीं रात्रि में महिलाओं द्वारा हरतालिका तीज का पूजन किया जाएगा। सोमवार को नगर में महिलाओं एवं बालिकाओं ने हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। मान्यता के अनुसार यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। व्रती महिलाएं दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए भगवान शिव-पार्वती की आराधना करती हैं। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाएं रात्रि में अपने घरों तथा आसपास के मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजाकर भगवान शिव,



माता पार्वती एवं उनके परिवार की विधिवत पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद रात्रि जागरण कर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। हरतालिका तीज की रात्रि पूजा के पश्चात मिट्टी से निर्मित शिव-पार्वती की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया जाता है, जिसके बाद व्रत की पूर्णता मानी जाती है।

नगर में जगह-जगह स्थापित हुईं गणेश भगवान की प्रतिमाएं

गणेश चतुर्थी को लेकर राघोगढ़ नगर में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है। नगर के मुख्य मार्गों के साथ ही गली-मोहल्लों में बड़ी संख्या में भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न स्थानों पर भव्य पंडाल सजाए गए हैं और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की गई हैं। नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है।

यहां पंडाल को विशेष रूप से सजाया गया है, जहां गणपति स्थापना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन का क्रम शुरू हो गया है। गणेशोत्सव और हरतालिका तीज के एक साथ आने से नगर में इन दोनों धार्मिक पर्वों का उत्साह और अधिक बढ़ गया है। श्रद्धालु दिन में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना कर रहे हैं, वहीं रात्रि में महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी।

प्रदेश स्तरीय रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़


सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कैलाश चौहान को प्रदेश स्तरीय रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान से सम्मानित किया गया। भोपाल स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले भवन में संयुक्त माली सैनी मरार समाज मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान दिवस समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कुमार विश्वास सारंग ने कैलाश चौहान को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के संस्थापक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. रामजी महाजन की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया था। कैलाश चौहान पिछले करीब चार दशकों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने समाज के विभिन्न जिलों के साथ ही इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और दिल्ली में आयोजित समाज के अधिवेशनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज को एकजुट करने और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। कैलाश चौहान शासकीय सेवा में रहते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों में योगदान दिया।

कुत्तों का आतंकः गली-मोहल्लों और चौराहों पर झुंड बनाकर घूम रहे कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर की लगभग हर गली-मोहल्ले और चौराहे पर कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। इसके चलते आम लोगों के साथ-साथ छोटे बच्चों और स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों में भी डर का माहौल बना हुआ है। कई बच्चे कुत्तों के डर के कारण अभिभावकों के साथ स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं।नगरवासियों का कहना है कि गली में निकलते ही कहीं न कहीं कुत्तों का झुंड दिखाई दे जाता है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुत्तों के अचानक पीछे दौड़ने के डर से लोग सतर्क होकर आवागमन कर रहे हैं।बीमार कुत्तों से बढ़ी चिंताआवारा कुत्तों के बीच कुछ ऐसे कुत्ते भी दिखाई दे रहे हैं, जो गंभीर रूप से बीमार नजर आते हैं। कई कुत्तों के शरीर पर घाव हैं और उनमें कीड़े पड़ने के साथ ही खून भी निकलता दिखाई देता है। किसी के सिर तो किसी की पूंछ और टांग में घाव नजर आ रहे हैं। इससे नगरवासियों में संक्रमण और



बीमारी फैलने को लेकर चिंता बढ़ गई है।नगरवासियों ने संबंधित जिम्मेदार विभाग से आवारा कुत्तों की समस्या पर तत्काल ध्यान देने और बीमार कुत्तों के उपचार सहित आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और बीमारी फैलने की आशंका को रोका जा सके।

विधायक पैंची ने सीएम को लिखा पत्र, शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा सहित मध्यप्रदेश के शिक्षकों की मांग को लेकर विधायक प्रियंका पैंची ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा के बंधन से मुक्त रखने की मांग की है। विधायक ने इस गंभीर विषय के स्थायी निराकरण के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर आवश्यक प्रस्ताव पारित किए जाने का आग्रह किया है।

विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा एवं प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संघों के माध्यम से यह महत्वपूर्ण विषय उनके संज्ञान में आया है। प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act) वर्ष 2010 में लागू हुआ था, लेकिन वर्तमान में पात्रता परीक्षा संबंधी नियम का प्रभाव वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि इस दायरे में ऐसे वरिष्ठ



शिक्षक भी शामिल हैं, जिन्हें सेवा में नियुक्त हुए 20 से 25 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे इन शिक्षकों के सामने अब पात्रता परीक्षा को लेकर असमंजस और मानसिक चिंता की स्थिति बनी हुई है। विधायक ने कहा कि शिक्षकों के भविष्य और उनकी सेवा सुरक्षा से जुड़ा यह विषय गंभीर है।लाखों शिक्षकों के हित में स्थायी समाधान की मांगविधायक प्रियंका पैंची ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा के बंधन से पूर्णतः मुक्त रखने संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जाए।विधायक ने पत्र में कहा कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे वरिष्ठ शिक्षकों को राहत मिलना उनके हित में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

गणेश उत्सव एवं डोल ग्यारस को लेकर शांति समिति की बैठक

त्योहारों में शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

आगामी गणेश उत्सव, डोल ग्यारस एवं गणेश विसर्जन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को एम.एल. जैन धर्मशाला पुराने थाने के पास शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीओपी सनम बी. खान, तहसीलदार, विद्युत वितरण कंपनी के प्रतिनिधि, नगर परिषद कार्यालय के प्रतिनिधि, झांकी समितियों के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। धार्मिक झांकियों एवं विसर्जन जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था,विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी झांकी समितियों एवं नागरिकों से आपसी समन्वय बनाए रखने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वहीं, समिति सदस्यों ने भी प्रशासन को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने नगर की धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को कायम रखते हुए आगामी त्योहारों को सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाने पर जोर दिया।

मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड द्वारा प्लॉट आवंटन में किए गए संशोधन और मंडी शुल्क के विरोध में प्रदेश व्यापी 17 सिंतबर को बंद का आह्वान



अशोकनगर। मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड द्वारा भूमि एवं संरचना का आवंटन नियम, 2009 में संशोधन कर दिनांक 22 जुलाई को मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र में प्रकाशित करते हुए उक्त संशोधनों को लागू किया गया है। जिसके कारण व्यापारियों में रोष है, 17 सितंबर को प्रदेश व्यापी बंद का निर्णय लिया गया है। अशोकनगर मंण्डी भी उक्त दिनांक बंद रहेगी और कोई कारोबार नहीं होगा। ग्रेन मर्चेन्ट एशोसिएसन के अध्यक्ष अशोक जैन एपी ने बताया कि उक्त संशोधनों के अंतर्गत अनुज्ञप्ति एवं नवीनीकरण शुल्क में वृद्धि के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त नियम लागू किये गए हैं। इसके अतिरिक्त मंडी शुल्क में भी वृद्धि की गई है। इन शुल्कों में की गई वृद्धि से प्रदेश के कृषि उपज मंडियों में कार्यरत व्यापारियों पर अनावश्यक एवं अत्यधिक आर्थिक भार पड़ रहा है, जिससे व्यापार एवं व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उक्त शुल्क वृद्धि एवं अतिरिक्त नवीनीकरण शुल्क को वापस लिए जाने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश सकल अनाज तिलहन व्यापारी महासंघ समिति, इंदौर द्वारा दिनांक 17 सितंबर (गुरुवार) को भोपाल में विरोध प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। इस आंदोलन के समर्थन में महासंघ द्वारा प्रदेशभर के व्यापारियों से एक दिवसीय आंशिक हड़ताल रखते हुए प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडियों में कारोबार बंद रखने का आह्वान किया गया है। 17 सितंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल के कारण अशोकनगर कृषि उपज मंडी के समस्त व्यापारी अपना कारोबार बंद रखेंगे तथा नीलामी बोली प्रक्रिया में भाग लेने में असमर्थ रहेंगे।

अशोकनगर के साथियों ने जन गीतों की प्रस्तुति प्रदान की

मैं नीर भरी दुख की बलि और कबीर के पद एवं जनगीत प्रस्तुत किये

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कोरस प्रयागराज द्वारा महादेवी वर्मा का छटवा स्मृति समारोह का आयोजन किया गया।जिसका विषय महादेवी वर्मा की नारी चेतना और आज का समय था। इस सलाना कार्यक्रम की शुरुवात महादेवी वर्मा के गीत कैसे उनको पाऊं आली से महुआ ने किया। इसके बाद कोरस के साथियों ने सामूहिक गायन किया।

प्रयागराज से लौटकर आए साथियों ने बताया कि कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि महादेवी वर्मा के पूरे लेखन ने प्रश्न करना सिखाया है। यह प्रश्न पितृ सत्ता से भी था और समाज की संरचना से भी था। उन्होंने उस समय की पत्रिका स्त्री दर्पण में प्रकाशित एक कार्टून का जिक्र किया, जिसमें एक स्त्री पढ़ती हुई और पुरुष बच्चा खेलता हुआ दिखाई देता है। इस कार्टून में यह



व्यंग्य था कि मैडम स्त्री मुक्ति की तैयारी कर रही हैं और घर का पुरुष बच्चा खेला रहा है। उस समय का भाव बोध स्त्री को परिवार तक सीमित करता था किन्तु महादेवी ने स्त्री को समाज और राष्ट्र के निर्माण का अनिवार्य अंग माना। महादेवी ने जिन बिम्बो और रुपको का प्रयोग किया वे समाज की जटिलता और स्त्री प्रश्न की गहराई को व्यंजित करते हैं। श्रृंखला की कड़ियाँ का पुर्नपाठ होना चाहिए और स्त्री जीवन के सामने आज की चुनौतियों के आलोक में उसके महत्व को रेखांकित किया जाना चाहिए। अगले सांस्कृतिक सत्र में कत्थक हुआ जिसकी प्रस्तुति राकेश यादव की टीम ने किया। अशोकनगर मध्य प्रदेश से जन संस्कृति मंच के साथियों जसपाल बाँगा, श्याम सुंदर मुदगल संतोष दुबे और हरगोविंदपुरी द्वारा झीनी-झीनी बीनी चदरिया, तोरा मोरा मनुवा कैसे एक होय, लड़ते हुए सिपाही का गीत बनो रे, महादेवी वर्मा द्वारा लिखित गीत मैं नीर भरी दुख की बलि, और कबीर के पद गाए एवं जनगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन शिवांगी गोयल तथा धन्यवाद प्रो. रेखा पाण्डेय ने किया।

विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने संतों का आशीर्वाद लेकर की पुष्पवर्षा

श्रद्धा से निकाली बाबा रामदेव की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

रविवार को नगर में लोक देवता बाबा रामदेव जी की 617वीं जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और संतों ने भाग लिया। यह शोभायात्रा श्रीराम इच्छा कुटी से प्रारंभ नगर के विभिन्न चैक चैराहों से होकर निकाली गई।

शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर जय बाबा रामदेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा का मंडल मुंगावली द्वारा भव्य स्वागत किया गया शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने विशेष रूप से सहभागिता की। उन्होंने शोभायात्रा



में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की और सभी को जन्म जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने शोभायात्रा में पधारे पूज्य संतों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने संतों के समक्ष नतमस्तक होकर क्षेत्र की शांति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा बाबा रामदेव जी का संपूर्ण जीवन हमें मानव सेवा, समर्पण, सामाजिक समरसता और दीन-दुखियों के कल्याण की प्रेरणा देता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा का स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह मंच बनाकर और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही।

रमेश श्रीवास्तव का 91 वर्ष की आयु में निधन

अशोकनगर। क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं सिंधिया परिवार के करीबी समर्थक रमेश श्रीवास्तव (91) साल की उम्र में निधन हो गया उनके निधन की खबर फैलते ही कस्बे व आसपास के अंचल में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार सुबह 10 बजे उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकली। रमेश श्रीवास्तव लंबे समय तक कांग्रेस में सक्रिय रहे उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के निराकरण में उनकी हमेशा अग्रणी भूमिका रही जरूरतमंदों की मदद और अपने मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे हर वर्ग के बीच लोकप्रिय थे। अपने पीछे पुत्र रवि,राकेश, मुकेश, दुर्गेश और संजीव श्रीवास्तव सहित भरा-पूरा परिवार पीछे छोड़ गए है।



स्थानीय कवियों ने हिन्दी की महत्वता को उल्लेखित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश लेखक संघ ने हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर सरस्वती विद्यालय में माह सितंबर की काव्य गोष्टी का आयोजन किया। अध्यक्षता सुभाष जैन सरल ने की, मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश बिरथरे रहे सरस्वती वंदना गिरजेश भार्गव ने की और हिन्दी दिवस को सिर्फ एक ओपचारिक उत्सव मानने पर चिंता व्यक्त करते हुए अपनी रचना टीका कलंक का प्रस्तुत की।

हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला

हास्य कवि लक्ष्मी नारायण सोनी द्वारा हिन्दी पर एक लोकगीत हमारे मान अभिमान से बड़े हो गये प्रस्तुत किया, महेश श्रीवास्तव व्यंग कवि द्वारा अपने चिर परिचित अंदाज में व्यंग्य आज धूमधाम से हिन्दी दिवस मनाएंगे, पर अपने लाड़लो को कोन्वेंट में पढ़ाएंगे पर खूब तालियां बटोरी, दिनेश बिरथरे द्वारा वर्तमान में हिन्दी की



दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी रचना भाषा मेरी हिन्दी सब भाषाओं का सिरमौर है पढ़ी। अंत में अध्यक्षयीय उद्बोधन के साथ सुभाष जैन सरल ने अपनी रचना हिन्दी प्यारी राजदुलारी होके रथ पे सवार का वाचन किया। गोष्टी का सफल संचालन महेश श्रीवास्तव हास्य कवि द्वारा किया गया। गोष्टी में शहर के अनेक साहित्य प्रेमियों सहित सरस्वती बिद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला किया दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली निवासी प्रीति शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पोरूखेड़ी थाना नईसराय निवासी ससुराल पक्ष के तरूण शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, लखन शर्मा व रामदुलारी ने दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया।

धोखाधड़ी का मामला किया गया दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत महात्मा बाड़े के पीछे विजय जैन, पुत्र सुरेश जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गणेशपुरा जिला मुरेना निवासी रविन्द्र तिवारी ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे साढ़े सात लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहोदरी निवासी रघुवीर सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खलक सिंह और पार्वती बाई कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथनेर निवासी सतीश बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुड्डी बाई, ममता बाई, नीलेश, हरिओम, द्रोपदी मुन्नीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गुड्डी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामरतन और सतीश बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी राधा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दीपक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत काकाखेडी निवासी दीपक रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजू, कुलदीप और शिभम रघुवंशी ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजघाट निवासी गीता रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दीपक लोधी ने उससे मारपीट की।

रक्तदान में अभा दिगंबर जैन महिला परिषद ने हासिल किए पुरस्कार



अशोकनगर। अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद ने रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रांतीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार तथा राजुल संभाग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। परिषद की सदस्यों ने सेवा, समर्पण एवं मानवता की भावना से प्रेरित होकर रक्तदान अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। परिषद की इस उपलब्धि पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर वर्षा बड़कुल, सचिव मनीषा अरिहंत एवं कोषाध्यक्ष सोनम जैन ने इस उपलब्धि पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा कार्य है। परिषद भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं मानव सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेगी। इस अवसर पर प्रांतीय डॉक्टर साधना जैन द्वारा आयोजित इस ब्लड डोनेट कैंप के सभी सदस्यों के लिए मेडल प्रशस्ति पत्र दिए गए। यह सम्मान सभी बहनों को प्रियंका बरखेड़ा रानी गांधी प्रमिला चैधरी अध्यक्ष वर्षा बड़कुल ने बहनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आरजू जैन प्रीति पाली प्रीति बाबा श्वेता भोपाली मानसी जैन उषा नेशनल मंजू नेशनल परिषद की सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद की अशोकनगर शाखा में हर्ष का माहौल है।

घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे

एक ही घर के 4 भाइयों की कुएं में डूबने से मौत, क्षेत्र में मातम पसरा

ग्राम विक्रमपुर के चींटिया मोहल्ला में घटी हृदय विदारक घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विक्रमपुर चौकी के ग्राम विक्रमपुर चींटिया मोहल्ला में सोमवार को एक अत्यंत हृदय विदारक घटना सामने आई है। इस घटना में एक ही परिवार के चार सगे भाईयों की कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को मिली अमला मौके पर पहुंच गया। इस घटना में बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। एक ही परिवार के चार दीपक एक साथ बुझ गए। स्कूल की छुट्टी होने पर घर से खेत घूमने निकले एक ही माँ-बाप के चार मासूम बेटों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। इस दुखद हादसे के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सुबह 9 बजे घर से निकले और 1 बजे तक नहीं पहुंचे

सोमवार सुबह करीब 9 बजे चारों भाई अपने खेत की ओर घूमने चले गए थे। काफी देर तक जब वे घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। दोपहर करीब 1 बजे जब परिजन तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे, तो कुएं के पानी में एक बच्चा तैरता हुआ दिखाई दिया। परिजनों ने जब उसे बाहर निकाला और कुएं में तलाश की तो तीन अन्य बच्चों के शव भी अंदर डूबे मिले।

घर में अकेले थे बच्चे

घटना के समय बच्चों के पिता मजदूरी के लिए गांव में ही गए हुए थे, जबकि मां अपने मायके में किसी रिश्तेदार के निधन पर गई हुई थी। घर पर बच्चे अकेले थे, जिसके चलते वे परिजनों की गैरमौजूदगी में खेत की ओर निकल गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। तहसीलदार दिलीप दरोगा और थाना प्रभारी प्रशांत यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शवों को एम्बुलेंस से चंदेरी सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और शासन के नियमानुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि कमलेश जैन और जनपद सदस्य जितेन्द्र बुन्देला मौजूद रहे।

हर वर्ष इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं

जिले में यह अकेली पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें अजलेश्वर की भी एक ऐसी ही घटना हुई थी जहां तीन बच्चों की मौत पानी में डूबने से हो गई थी। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को चाहिए कि जहां जहां भी इस तरह के कुएं या पोखर बने हुए है वहां की रखवाली गांव के चैकीदार को सौंपी जाए ताकि वहां इस तरह की घटना न हो सके तथा इन स्थानों पर इस तरह के सूचना पट भी लगाए जाना चाहिए कि इन स्थानों पर नहाना मना है ताकि इस तरह की घटनाएं भविष्य में न हो सकें।



बचाने के प्रयास में एक-एक कर कुएं में समाए चारों भाई

आशंका जताई जा रही है कि कुएं में झांकते समय या पैर फिसलने के कारण पहले एक बच्चा पानी में गिर गया होगा। उसे डूबता देख बचाने के प्रयास में एक के बाद एक तीनों भाई भी कुएं में उतरते या गिरते चले गए और हादसे का शिकार हो गए। मृतक बच्चों की पहचान देव (9 वर्ष), त्रिवेद (7 वर्ष), महादेव (6 वर्ष) और प्रियांशु (4 वर्ष) पुत्रगण बलवीर कुशवाहा के रूप में हुई है। बलवीर कुशवाहा के यही चार पुत्र थे और उनकी कोई पुत्री नहीं है।

अनियमितताओं पर लेखापाल को नोटिस

कृषि उपज मंडी अशोकनगर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण,

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कृषि उपज मंडी अशोकनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में भूखंड आवंटन से संबंधित अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की जांच की। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर ने वर्ष 2020 से वर्तमान तक मंडी में पदस्थ रहे लेखापाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने भूखंड आवंटन से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत लेखा जांच के लिए पृथक जांच दल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच दल द्वारा अभिलेखों का बारीकी से परीक्षण कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी में स्थापित तोल कांटों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कृषकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा कृषक भोजनालय के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अशोकनगर इसरार खान तथा मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडी में प्लॉटों के आवंटन में 2 सचिव हो चुके हैं निलंबित लेकिन व्यापारियों के प्लॉटों की जांच नहीं

ज्ञात हो कि अशोकनगर मंडी में प्लॉटों की बंदरबांट का मामला जिले में सबसे बड़े भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इस पूरे मामले में लगातार शिकायतों के बाद जांच भी हुई और मंडी के तत्तकालीन सचिवों पर जिम्मेदारी डालते हुए मंडी बोर्ड द्वारा पूर्व सचिव मनोज शर्मा और प्रभारी सचिव भागीरथ अहिरवार पर निलंबन की कार्यवाही की थी। यह तो हुई बात शासकीय सेवकों पर कार्यवाही की लेकिन अधिकारियों से सांठ गांठ कर प्लॉटों का आवंटन अपने नाम कराने वाले कई व्यापारियों ने बड़ा व्यापार कर डाला, करोड़ों रूपए प्लॉटों के इस अबैध धंधे में कमाए गए। जिन व्यापारियों का काम मण्डी में न के बराबर है, मात्र उन्होंने लायसेंस ले रखे हैं और स्टॉक भी लिमिट में करते हैं उन व्यापारियों द्वारा राजनेतिक रसूखदारों की दम पर मण्डी में प्लॉट हथिया लिए और उन्हें महंगे दामों पर बेचा गया। जिसमें भारी पैसा कमाया गया। इस काण्ड में शामिल उन व्यापारियों पर क्या कार्यवाही की गई। क्या वह व्यापारी दोषी नहीं हैं, मंडी की भूमि शासकीय भूमि है और इस भूमि को आवंटित करने का अधिकार नियमों के अंतर्गत है क्या उन नियमों का पालन हुआ। क्या कलेक्टर भ्रष्ट तरीके से लिए गए इन प्लॉटों का आवंटन निरस्त करेगें या उन्हें भी दोषी मानते हुए उन पर मामला दर्ज कराया जाएगा।

शुभ मुहुर्त में घट स्थापना की, हर दिन होंगे आयोजन

मंगल मूर्ति भगवान गणपति की आराधना का पर्व शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विघ्न विनाशक भगवान गणपति जी की स्थापना का पर्व सोमवार से आरंभ हो गया है। घर-घर के साथ संस्थानों और झांकियों में भगवान गणपति जी की प्रतिमाएं भक्ति भाव से स्थापित की गईं। शुभ मुहुर्त में यह स्थापना का पर्व पूरे दिन चलता रहा कईं झांकी आयोजक प्रतिमाओं को झांकियों तक ले जाते हुए देखे गए। देर रात तक स्थापना के आयोजन हुए।

गणपति जी का यह पर्व अशोकनगर शहर में उत्सव और आनंद के साथ श्रृद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। गणपति जी की स्थापना के पहले दिन से विर्सजन तक प्रतिदिन यह आयोजन होगें। इसकी शुरूआत घट स्थापना के साथ की गई। पूरे दिन गणपति जी की स्थापना का पर्व चला। शहर में गणपति जी की प्रतिमाओं को ले जाते हुए लोगों को देखा गया इन प्रतिमाओं में छोटी बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं थीं। झांकी आयोजकों ने अधिकांश स्थानों पर शुभ मुहुर्त के साथ गणपति जी की प्रतिमा स्थापित कीं। यह प्रतिमा स्थापना का आयोजन देर रात तक चलता रहा। भक्ति और आस्था की बयार अब शहर में 12 दिन तक देखने को मिलेगी। 14 सिंतबर से 25 सितंबर तक झांकी आयोजकों में इस पर्व को लेकर उत्साह है। इस बार भी शहर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर यहं झांकियां सजाई गई हैं। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती के आयोजन होगें। शहर के रामलीला मंच पर हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होगें। इसी प्रकार महाराष्ट्र समाज द्वारा भी दस दिवसीय यह आयोजन माधव भवन मे भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।

इनर व्हील क्लब व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



इनरव्हील क्लब एवं रोटरी क्लब अशोकनगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रोटरी भवन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 204 मरीजों ने लाभ लिया।

शिविर में डॉ. शिव गणेश एवं डॉ. दीपक सिंह के नेतृत्व में लगभग 10 चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा मरीजों की नेत्र जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। मरीजों में मोतियाबिंद, नजर की कमजोरी, आंखों में सूजन सहित विभिन्न नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच की गई। मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। नेत्र परीक्षण के साथ मरीजों का रक्तचाप एवं रक्त शर्करा भी जांचा गया। कुल 111 मरीजों में से 111 मरीजों का बाह्य रोगी विभाग में उपचार एवं परामर्श किया गया, जबकि 48 मरीजों को ऑपरेशन एवं आगे के उपचार के लिए सद्गुरु सेवा संस्थान, बहेरिया भेजा जाएगा। दूर-दराज के गांवों से आए मरीजों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। करुणा निधि सेवा संस्थान के सहयोग से मरीजों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब अशोकनगर की अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, उपाध्यक्ष डिंपल सदाना, सचिव रिचा जैन, अर्चना बंसल, चैतन्य मनोरिया एवं भावना दुबे उपस्थित रहीं और शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इस सेवा प्रकल्प के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा, चश्मे एवं आगे के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

प्रधानमंत्री मोदी के संवैधानिक प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मनाएगी एक माह का सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक सेवा काल को ऐतिहासिक अवसर के रूप में मनाने जा रही है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने स्थानीय सर्किट हाउस पछाड़ी खेड़ा पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, जिला महामंत्री डॉक्टर शीला जाटव, कार्यक्रम के जिला प्रभारी सत्येंद्र कलावत, जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय ठाकुर, मयंक भार्गव भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाती है,लेकिन इस बार यह अवसर विशेष है। 07 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक संवैधानिक प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उन्होंने 07 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था और 26 मई 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर देश की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जन सेवा और समर्पण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने इस बार 15 दिन के सेवा पखवाड़े की जगह एक माह का सेवा संकल्प अभियान मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहाँ सरकारों का 5 वर्ष पूरा होना भी एक उपलब्धि होती है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना और उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण है और लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय भी है।

मंडल के गुना, बीना, भोपाल एवं इटारसी होकर गुजरेगी

जोधपुर-चेन्नई के बीच 9 ट्रिप साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04815/04816 जोधपुर-चेन्नई-जोधपुर साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष ट्रेन जोधपुर से 09 फेरे तथा चेन्नई से 09 फेरे चलेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 04815 जोधपुर-चेन्नई बीच पूजा स्पेशल ट्रेन जोधपुर स्टेशन से प्रत्येक शनिवार को 03 अक्टूबर 2026 से 28 नवंबर 2026 तक कुल 09 ट्रिप चलेगी। यह ट्रेन जोधपुर से 21रू20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मंडल के गुना स्टेशन 9.25 बजे, बीना 11.45 बजे, भोपाल 15 बजे एवं इटारसी 17.10 बजे आगमन कर विभिन्न मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव करते हुए सोमवार को चेन्नई बीच स्टेशन 20.00 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 04816 चेन्नई बीच जोधपुर पूजा स्पेशल ट्रेन चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से प्रत्येक मंगलवार को 06 अक्टूबर से 01 दिसंबर 2026 तक कुल 09 ट्रिप चलेगी। यह ट्रेन चेन्नई बीच से 17.15 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव करते हुए अगले दिन मंडल के इटारसी 20.10 बजे, भोपाल 22.40 बजे, बीना 2.55 बजे आगमन कर गुना स्टेशन 5.00 बजे पहुंचेगी और आगे विभिन्न स्टेशनों से होते हुए गुरुवार को जोधपुर स्टेशन 20.30 बजे पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 24 आईसीएफ कोच होंगे, जिसमें 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 15 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 3 स्लीपर श्रेणी तथा 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

श्री वर्धमान स्वाध्याय संघ द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

पर्युषण पर्व में धर्म के गूढ़ विषयों पर दिए जा रहे प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





श्री श्वेतांबर जैन समाज का पर्वधिराज पर्युषण महापर्व नगर में भक्ति एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान श्री वर्धमान स्वाध्याय संघ, जावरा से आए श्रावक अनिल तेलरा, ऋषभ जैन (बुधा) एवं ऋषभ रामशना के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साधु-संतों का चातुर्मास नहीं होने के बावजूद श्री वर्धमान स्वाध्याय संघ के युवा धर्म की ध्वजा को थामे हुए समाज में धर्म एवं संस्कारों की अलख जगा रहे हैं। उनके सानिध्य में प्रतिदिन प्रतिक्रमण, प्रार्थना, अभिषेक, पूजन, आरती सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

भगवान के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

प्रवचन के दौरान श्रावक अनिल तेलरा ने भगवान श्री पाश्र्वनाथ, भगवान श्री नेमिनाथ एवं भगवान श्री ऋषभदेव के जीवन चरित्र तथा उनके गणधरों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में तप, त्याग, संयम एवं तपस्या को अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी श्रावक-श्राविकाओं को धर्म आराधना के माध्यम से अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया।

सुबह-शाम हो रहा प्रतिक्रमण

पर्वधिराज पर्युषण महापर्व के दौरान प्रतिदिन सुबह एवं शाम प्रतिक्रमण का आयोजन किया जा रहा है। श्रावक ऋषभ रामशना के मुखारविंद से प्रतिक्रमण कराया जा रहा है। प्रतिक्रमण के माध्यम से श्रावक-श्राविकाएं वर्षभर में जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमायाचना कर रहे हैं तथा सभी जीवों के प्रति क्षमा एवं मैत्री का भाव प्रकट कर रहे हैं। पर्युषण महापर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उज्जैन से पधारे अंगीकार द्वारा भगवान की मनोहारी आंगी रचना की जा रही है। संध्या के समय भगवान के मनमोहक श्रृंगार एवं आंगी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। वहीं श्रावक ऋषभ जैन (बुधा) द्वारा प्रतिदिन भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन दोपहर में श्री शांति स्नात्र पूजन का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है। पूजन के लाभार्थी सनत कुमार, मोहित कुमार, संचित कुमार एवं दक्ष कोचेटा परिवार एवं मंगलचंद अजय कुमार सोमिल जैन परिवार ने लिया। आज के प्रवचन के पश्चात प्रभावना का लाभ निम्न परिवारों द्वारा लिया गया। राजेंद्र कुमार एवं जसवंत सुराना,नेपाल सिंह एवं सुमित कुमार छजलानी (ग्वालियर परिवार) निर्मल कुमार, निशांत कुमार एवं मोक्ष कोचेटा समाज जनों ने सभी लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना करते हुए पर्युषण महापर्व में अधिक से अधिक धर्म आराधना एवं तप-त्याग करने का आह्वान किया।

चंदेरी में 500 वर्ष पुराना धुंधराज गणपति मंदिर आस्था का केंद्र

एक ही पत्थर से निर्मित है 12 फीट लंबी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी




ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में स्थित लगभग 500 वर्ष पुराना धुंधराज गणपति महाराज मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। बुंदेला राजाओं द्वारा स्थापित बताई जाने वाली भगवान गणेश की यह प्रतिमा अपनी प्राचीनता और अद्भुत स्वरूप के लिए विशेष पहचान रखती है।

एक ही पत्थर से निर्मित लगभग 12 फीट लंबी विशाल प्रतिमा मंदिर की प्रमुख विशेषता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, जब इस प्रतिमा को चंदेरी नगर में लाया गया था, तब पूरा नगर धुँध से आच्छादित हो गया था। इसी मान्यता के चलते भगवान गणपति को धुँधराज गणपति महाराज के नाम से जाना जाने लगा। मंदिर में पूजा-अर्चना और सेवा का कार्य तिवारी परिवार द्वारा लगभग चार पीढ़ियों से निरंतर किया जा रहा है। श्रद्धालु इस प्राचीन मंदिर में दर्शन कर भगवान गणपति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर चंदेरी की धार्मिक परंपरा और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है।

गणेश चतुर्थी पर गूंजे गणपति बाप्पा मोरिया के जयकारे, बाजारों में रही भारी भीड़, भक्ति और उल्लास का माहौल रहा

सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास का माहौल नजर आया सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। नगर में राजगढ़ चैराहा, शिमला बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए दिनभर भीड़ लगी रही छोटे-बड़े सभी आकार की प्रतिमाएं बाजार में बिकीं। घरों में बायीं सूंड वाली बैठी मुद्रा की प्रतिमाओं को विशेष रूप से स्थापित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना के बाद मोदक, लड्डू और फल-फूल का भोग लगाया गया। कई स्थानों पर 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए भव्य पंडाल सजाए गए। जहां रोजाना आरती, भजन और महाप्रसादी का आयोजन होगा। पंडितों के अनुसार इस वर्ष चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और विघ्नों का नाश होता है।

बड़े और छोटे गणेश मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई

शहर के बड़ा गणेश मंदिर और छोटे गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना पंचामृत से अभिषेक किया गया। मंदिरों को विशेष विद्युत लाइटों से साज सज्जा की गई। वहीं दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना का दौरा चलता रहा श्री गणेश का आकर्षक श्रृंगार महाआरती की गई वहीं बच्चों द्वारा शहर में विमान बना कर गणेश जी को घर-घर लेकर पहुंचे।

लंबोदर से की सुख, शांति, समृद्धि की कामना

कोतवाली थाने में धूमधाम से विराजित किए गणेशजी



राजगढ़। सोमवार से 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत हुई। नगर सहित जिले में हजारों स्थानों के गणेश पांडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करवाई गई हैं। धर्म और आस्था की इसी कड़ी में स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में भी धूमधाम के साथ भगवान गणेश की झांकी सजाते हुए प्रतिमा की स्थापना करवाई गई। प्रतिमा स्थापना के पूर्व टीआई मंजू मखेनिया सहित थाने का पूरा स्टाफ ढोल-ढमाकों के साथ प्रतिमा लेने पहुंचा। यहां से सभी गणेशजी के जयकारे लगाते हुए थाने पहुंचे। सजाई गई झांकी में विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना उपरान्त सभी की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई।

सम्राट मिहिर देव के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में अपने आराध्य सम्राट मिहिर भोज की जयंती अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय इतिहास के प्रमुख शक्तिशाली शासकों में गिने जाते हैं। उनके शासनकाल में गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य ने उत्तर भारत में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई। वक्ताओं ने समाजजनों से सम्राट मिहिर भोज के जीवन एवं उनके ऐतिहासिक योगदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बताया गया कि सम्राट मिहिर भोज, जिन्हें प्रथम भोज के नाम से भी जाना जाता है, गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के प्रमुख शासक थे। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार उनका शासनकाल लगभग 836 ईस्वी से 885 ईस्वी तक रहा। उनकी राजधानी कन्नौज थी। उनके शासन के दौरान गुर्जर-प्रतिहार सत्ता का प्रभाव उत्तर भारत के बड़े भू-भाग तक माना जाता है। जयंती समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके इतिहास, संघर्ष और योगदान से परिचित कराना भी है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुर्जर समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी भारत सिंह गुर्जर पंडाजी, नारायण सिंह गुर्जर पंडाजी, जगदीश गुर्जर पंचायत सचिव, श्याम सिंह गुर्जर शिक्षक, भगवान सिंह गुर्जर शिक्षक, सागर सिंह गुर्जर पंचायत सहायक सचिव, हरिओम गुर्जर, कैलाश गुर्जर, लखन गुर्जर पत्रकार, पप्पू गुर्जर डॉक्टर, गजराज गुर्जर, जीवन गुर्जर सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऑपरेशन चक्षु 360 का बड़ा वार, 250 कैमरों ने खोल दिया चोरी का खेल

सूने मकानों को खंगालने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 11 वारदातों का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शहर में रात के अंधेरे में सूने मकानों के ताले तोड़कर जेवर-नकदी उड़ाने वाले चोर आखिरकार पुलिस की नजर से बच नहीं सके। चोरों को पकड़ने के लिए बिछाए गए ऑपरेशन चक्षु 360 के सीसीटीवी नेटवर्क ने उनकी हरकतों की कड़ियां जोड़ दीं। सारंगपुर पुलिस ने करीब 250 कैमरों की फुटेज खंगालकर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने 11 चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए करीब 4 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और 4 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों ने तीन अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया है।

एक के बाद एक वारदात पुलिस ने कसा शिकंजा

जुलाई-अगस्त के दौरान सूने मकानों, दुकानों और अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाओं से पुलिस के सामने चुनौती बढ़ गई थी। बाबड़ल्या, ब्यावरा-मांडू, तलेनी, सारंगपुर की ब्लॉक कॉलोनी, पाडल्या रोड, रेलवे आवास कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर ताले टूटे। कहीं जेवर-नकदी चोरी हुई तो कहीं मोटरसाइकिलें गायब हुईं। वारदातों का सिलसिला बढ़ने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम बनाई और चोरों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया।

कैमरे बने चोरों की सबसे बड़ी मुसीबत

चोरों को शायद अंदाजा नहीं था कि शहर में लगे कैमरे उनकी गतिविधियों को जोड़कर उन्हें पुलिस तक पहुंचा देंगे। पुलिस टीम ने घटनास्थलों से लेकर संदिग्धों के संभावित रास्तों तक करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।



फुटेज से चोरों के आने-जाने के रास्तों का निर्धारण किया गया। इसके बाद साइबर सेल से मिली तकनीकी जानकारी को जांच में शामिल किया गया। करीब एक माह तक चली तलाश के बाद पुलिस आखिरकार गिरोह तक पहुंच गई।

तीन आरोपी गिरफ्तार चोरी का माल बरामद

पुलिस ने कपिल उर्फ गोलू कंजर पिता भगवान सिंह, टोनू कंजर पिता हुकमसिंह और घनश्याम कंजर पिता बाबूलाल, तीनों निवासी देवड़ा, थाना सुंदरसी, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण, चांदी की पायल, नकदी और मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अन्य तीन मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है, जो उनके साथी के कब्जे में होना बताया गया है। पुलिस अब इन वाहनों की बरामदगी के साथ गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी तलाश रही है।

पुराने अपराध का रिकॉर्ड भी सामने आया

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कपिल उर्फ गोलू पूर्व में डकैती की तैयारी जैसे गंभीर अपराध में भी संलिप्त रहा है। इससे पुलिस अब गिरोह के पुराने आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों से इनके संबंधों की भी जांच कर रही है।

पुलिस टीम को मिला वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भापुसे) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में तथा लिमचैहान थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोविंद मीणा,उनि दीपक परमार,उनि राहुल सेंधव,स उनि आनंदीलाल मिलाला,राम कैलाश दांगी,सुरेश मेवाड़ा,हरगोविंद विश्वकर्मा,अमित रघुवंशी,बनवारी गुर्जर,सत्येंद्र रघुवंशी,रचना मेवाड़ा,लोकेश परमार सहित सारंगपुर एवं लीमाचैहान थाना पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्रवाई में योगदान रहा।

चल रही है बेमियादी हड़ताल

शासन की सद्धबुद्धि के लिए किसानों ने करवाया यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भारतीय किसान संघ के बैनर तले मुख्यालय के खिलचीपुर नाके पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। आंदोलन के चाथे दिवस सोमवार को किसानों ने शासन, प्रशासन की सद्धबुद्धि के लिए विधि-विधान से यज्ञ, अनुष्ठान आयोजित किया। इस दौरान शासन को सुमति देने की कामना भगवान से की गई। आपको बतादें कि संघ द्वारा गत 11 सितंबर से खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में यह धरना दिया जा रहा है। किसान संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बीते चार दिनों से धरना स्थल पर ही भोजन इत्यादि बना रहे हैं और शासन की तरफ से सकारात्मक पहल की अपेक्षा की जा रही है। इस दौरान धरना स्थल पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा सहित अन्य भाजपाईयों को संघ पदाधिकारों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए उसे शासन तक प्रेषित करने की मांग रखी।

यह है किसान संघ की प्रमुख मांगें

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांग है कि साल 2025 के फसल बीमे का लाभ सभी किसानों को मिलना चाहिए। बिजली विभाग द्वारा थापे जा रहे अधिक राशि के बिलों की जांच की जाए एवं पूरे मध्यप्रदेश में दूध के दाम बढ़ाए जाएं। इसके साथ ही किसानों की राजस्व से जुड़ी समस्याओं का भी त्वरित निराकरण करवाने की व्यवस्था शासन, प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए। संघटन सदस्यों ने बताया कि शासन हमेंशा मांगों के संबंध में आश्वासन दे देता है लेकिन आदेश जारी नहीं किए जाते हैं। किसानों के हित में सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए।

भाव बढ़ाने की मांग पर दूध विक्रेताओं की हड़ताल, डेयरी और चाय दुकानें रखी बंद



माचलपुर। दूध के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादकों द्वारा दिए गए ज्ञापन की समय-सीमा पूरी होने के बाद रविवार से दूध विक्रेताओं ने दूध बेचना बंद कर विरोध जताना शुरू कर दिया। आंदोलन के समर्थन में नगर की कई दूध डेयरियां और चाय की दुकानें भी बंद रहीं। इससे आम लोगों को दूध के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। दुग्ध उत्पादकों ने पूर्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर दूध के दाम बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने पशुओं के चारे, खली-चोकर सहित बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 12 प्रति फैट की दर तथा खेरची दूध का भाव बढ़ाने की मांग रखी थी। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 13 सितंबर से दूध की सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी गई थी।

पशुपालन की लागत निकालना भी मुश्किल

दुग्ध उत्पादकों का कहना है कि मौजूदा भाव में पशुपालन की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। पशुओं के चारे और अन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि दूध के भाव में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। दूध की बिक्री बंद होने से अब सवाल यह है कि प्रशासन और संबंधित दुग्ध संस्थाएं इस आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाती हैं।

सीएमओ ने कालीसिंध कपिलेश्वर डैम के फाटकों से हटाया कचरा



सारंगपुर। लगातार बारिश के बाद कालीसिंध नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते नदी के तेज बहाव के साथ बड़ी मात्रा में पेड़-पौधों की लकड़ियां, झाड़ियां एवं अन्य कचरा बहकर कपिलेश्वर डैम के फाटकों और सुरक्षा दीवारों के पास जमा हो गया। इससे जल निकासी प्रभावित होने के साथ डैम की सुरक्षा को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बन सकती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे तत्काल मौके पर पहुंचे और अपनी देखरेख में डैम के फाटकों एवं सुरक्षा दीवारों के आसपास जमा लकड़ियों, झाड़ियों और कचरे को हटाने का कार्य शुरू करवाया। नगर पालिका की आकस्मिक टीम एवं उपलब्ध संसाधनों की मदद से फाटकों की पूरी तरह सफाई कराई गई। समय रहते कचरा हटाए जाने से पानी की निकासी सुचारू हुई और नदी के बहाव में उत्पन्न हो रही संभावित रुकावट को दूर किया गया। सीएमओ रानवे की तत्परता के चलते डैम क्षेत्र में जलभराव अथवा जल निकासी में बाधा की स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। मौके पर नगर पालिका की टीम ने भी लगातार कार्य करते हुए फाटकों के आसपास जमा मलबा एवं झाड़ियों को हटाया। इस दौरान नगर पालिका जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे, जलप्रदाय शाखा व्यवस्था प्रभारी गोपाल अहिरवार सहित आकस्मिक गैंग के कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने बारिश के बीच प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और डैम की सुरक्षा को लेकर बरती गई सतर्कता की सराहना की।

गोशाला में 10 लाख रुपए के सीसी निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया



कुरावार। समीपस्थ ग्राम बोरखेड़ा जागीर स्थित हनुमान गोशाला परिसर में रविवार सुबह क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने गोशाला समिति एवं गोसेवकों की मांग पर 10 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि गो माता को कामधेनु कहा गया है और भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। गो माता की सुरक्षा एवं संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा एक पुनीत कार्य है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। गोशाला समिति एवं गोसेवकों ने निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर भूमिपूजन किए जाने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। समिति सदस्यों ने बताया कि सीसी निर्माण होने से गौशाला परिसर की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी तथा गोवंश की देखभाल में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बस किशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीणा, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मी नारायण पटेल, रामचरण मीणा, नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा जिला योजना समिति प्रभारी घनश्याम मीणा सहित गौशाला समिति के पदाधिकारी, गोसेवक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डेढ़ साल में ही उखड़ने लगी 4.25 करोड़ की भ्याना-भूमका सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



भ्याना से भूमका गांव को जोड़ने वाली करीब 5.25 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज डेढ़ साल में ही खराब होने लगी है। बारिश के दौरान सड़क कई स्थानों पर धंसने लगी है, जबकि पुलिया के आसपास बनाए गए शोल्डर तेज पानी के बहाव में बह रहे हैं। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण करीब 4 करोड़ 25 लाख 84 हजार रुपए की लागत से कराया गया है। सड़क को पांच साल की गारंटी अवधि के साथ बनाया गया है, लेकिन गारंटी अवधि के दौरान ही सड़क के उखड़ने और धंसने की स्थिति सामने आने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान सड़क की परतों की पर्याप्त कम्पेक्शन नहीं की गई और निर्धारित मानकों के अनुसार रोलर का उपयोग नहीं किया गया। बारिश का पानी सड़क की परतों में पहुंचने से कई हिस्सों में जमीन बैठने लगी है।करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क की इतनी जल्दी खराब होती स्थिति ने निर्माण कार्य की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने सड़क की तकनीकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और गारंटी अवधि में सड़क की गुणवत्ता सुधारने की मांग की है।

डोल ग्यारस व अनंत चतुर्दशी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

बस स्टैंड पर अखाड़ा प्रदर्शन, भूतियाबे तालाब पर गणपति विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

आगामी डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) पर्व को लेकर सोमवार को माचलपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के साथ विभिन्न आयोजनों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य सोनी मौजूद रहे। तहसीलदार की अनुपस्थिति में कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। चर्चा के दौरान तय किया गया कि डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले विमान अपने निर्धारित समय पर बाजार चैक पहुंचकर विराजित होंगे। वहीं अखाड़े का आयोजन बस स्टैंड पर किया जाएगा। अखाड़े में प्रदर्शन के बाद प्रतिभागी बाजार चैक पहुंचेंगे। आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में नगर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले गोवंश को व्यवस्थित करने का मुद्दा भी उठा। इस पर नगर परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था किए जाने की बात कही गई।

हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न

सारंगपुर। हिंदू उत्सव समिति की बैठक रविवार को साईं मंदिर में संपन्न हुई। समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की



अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री गणेश चतुर्थी एवं अनंत चौदस पर्व की तैयारियों और आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ हुई, जिन्हें समिति सदस्य वैभव पुष्पद ने सदस्यों के समक्ष रखा। संचालन सुशील व्यास ने किया, कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। मैदान में समिति के माध्यम से बाउंड्रीवॉल निर्माण कराने, आयोजन स्थल की बेहतर व्यवस्था करने तथा समिति की गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए प्रत्येक वार्ड में प्रभारी नियुक्त करने का सुझाव रखा गया।

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर ब्रहाकुमारीज संस्था की पहल

कथा पंडाल में हजारों ने लिया नशा न करने के लिए संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय ढंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में चल रही कथा के दौरान प्रजापिता ब्रहाकुमारी संस्था द्वारा एक दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन एवं नशामुक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित हजारों महिला, पुरुष एवं बच्चों को जीवन में कभी किसी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर ब्रहाकुमारी सुरेखा दीदी ने कहा कि मनुष्य के आज के कर्म ही उसके आने वाले कल का निर्माण करते हैं। जैसा हम कर्म करते हैं वैसा ही फल हमें प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में श्रैष्ठ कर्म, सकारात्मक सोच, पवित्र भावनाएं एवं श्रैष्ठ संस्कार अपनाना चाहिए। बाबा रामदेव के जीवन को प्रेरणास्पद बताते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन को भी अच्छे कर्मों से महान बना सकता है।

नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत

कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। मधु दीदी ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए नशामुक्त जीवन अत्यावश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि स्वयं को व्यसनों से मुक्त करने का संकल्प ले तो परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त जीवन अपनाने का आव्हान उपस्थितजनों से किया। इस दौरान आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्धेश्य आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ नशामुक्त जीवन के प्रति जागरुकता पैदा करना रहा।

रामदेव का चल समारोह ढोल-डीजे के साथ निकाला गया



खुजनेर। मेघवाल समाज समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव भादौ की दूज के अवसर पर बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। समिति द्वारा शहर में बाबा रामदेव का चल समारोह ढोल-डीजे के साथ निकाला गया। समारोह का षुभारंभ देव महाराज स्थान से हुआ, जो राजगढ़ रोड, षिमला बस स्टैंड, पुराना थाना, षिवाजी मार्केट, बांसखेड़ा रोड होते हुए बाबा रामदेव मंदिर पहुंचा। चल समारोह में सबसे आगे डीजे पर बाबा रामदेव के मधुर भजन बज रहे थे, उसके पीछे युवक नृत्य करते हुए चल रहे थे। भक्त हाथों में बाबा का ध्वज लिए षामिल हुए, सबसे पीछे बाबा की आकर्शक चलित झांकी सजाई गई थी। षहर में जगह-जगह चल समारोह का पुश्प वर्शा कर स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचकर बाबा की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव एवं लखन वर्मा, बीरम लाल, रामप्रसाद, भागीरथ वर्मा, भंवरलाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, पूर्व पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा, कालूराम वर्मा, प्रेम वर्मा, नागेंद्र वर्मा, संजय वर्मा पवन वर्मा, दौलतराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।